# न्यायालय भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता, महुआडाँड़।

दाखिल खारिज अपील
वाद सं0–06 / 2025

अपीलार्थी :– मुकेश कुमार, पिता– दिलीप प्रसाद, ग्राम–सरयू, थाना–गारू, जिला–लातेहार।

**बनाम**

विपक्षी :–
1. अंचल अधिकारी, गारू।
2. राजकुमारी देवी, पति– बालसुन्दर सिंह, ग्राम– घांसीटोला, थाना– गारू, जिला– लातेहार।

## आदेश

आवेदक के आवेदन का अवलोकन किया। अवलोकनोपरान्त विदित होता है कि अंचल अधिकारी, महुआडांड़ के नामांतरण वाद सं0– 26 R27 / 2023–24, दिनांक– 06.11.2023 में पारित आदेश के विरूद्ध दाखिल खारिज अपील आवेदन दाखिल किया गया है। अपील आवेदन के आलोक में कार्यवाही प्रारंभ कर उभय पक्षों से जवाब/साक्ष्य एवं अंचल अधिकारी, महुआडांड़ से नामान्तरण वाद स0–26 R27 / 2023–24 के अभिलेख की मांग की गई।

**अपीलार्थी का कथन है कि –**

"चंचला देवी, पति– स्व0 लखन सिंह से मौजा– रोल, छका 4, थाना नं0– 5 खाता सं0– 30, प्लॉट सं0– 452, 453, 539, 537 से कुल रकबा– 2.231 / 4 ए0 जमीन लिया हूँ, जिसे दाखिल खारिज के लिए नामांतरण मुकदमा संख्या– 26 R27 / 2023–24 गारू के द्वारा अस्वीकृत किया गया है, जबकि मैं इस जमीन पर कुछ पौधा भी लगवा चुका हुँ और यह मेरे दखल कब्जा में है। यह बटवारा संबंधी आवेदन किसने दिया इसके बारे में बिना बताए यह दाखिल खारिज को रिजेक्ट किया गया है, प्लॉट का मैं बी0डी0ओ0, कर्मचारी सुलेमान अंसारी सर

को भेजा हूँ। उनका Whatsapp नं0 पे जो उनकी पुत्री चलाती है, वह लगातार देखे थे। अपने मो0 में जो आज भी मेरे मोबाईल में है।''

**अंचल अधिकारी, गारू के पत्रांक– 249/रा0, गारू, दिनांक– 02.07. 2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि –**

''नामांतरण वाद सं0– 26/2023–24 का स्पष्ट प्रतिवेदन अस्वीकृत का कारण राजस्व उपनिरीक्षक सह प्रभारी अंचल अधिकारी के जाँच प्रतिवेदन का अवलोकन किया। विक्रेता के हिस्सेदार ने बंटवारा संबंधी आपति दिया है। क्रेता का क्रय भूमि पर दखल कब्जा नहीं है। अतः राजस्व उपनिरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक के जाँच प्रतिवेदन एवं अनुशांसा के आधार पर नामान्तरण आवेदन पत्र अस्वीकृत की जाती है।''

अतः उक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, महुआडांड़ के नामान्तरण वाद सं0–26 R27/2023–24, दिनांक–06.11.2023 में पारित आदेश को यथावत रखते हुए अपीलार्थी के अपील आवेदन को खारिज किया जाता है। अपीलार्थी अगर चाहे तो सक्षम न्यायालय में जा सकते हैं।

लेखापित एवं संशोधित

**भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता,**
**महुआडांड़।**

**भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता,**
**महुआडांड़।**

Digitally signed by PRABHAT RANJAN CHOUDHARY
Date: 2025.11.21 17:29:59 +05:30
Location: 10.93.47.24